मालवा फर्स्ट
समाचार पत्र के शुभारंभ पर
सभी क्षेत्रवासीयों को
हार्दिक शुभकामनाएं


# मालवा फर्स्ट

MALWA FIRST

RNI NO. MPHIN38290 (TC)
संपादक: ऐश्वर्य शर्मा

नीमच, बुधवार
05 अप्रैल 2023
वर्ष 01, अंक 03 - मूल्य 02 रूपए


E-mail: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866

Commodity: Gold 60,950 | Silver 74,470 | Crude Oil 6,605 | Natural Gas 174,70 | Aluminium 206,85 | Copper 759,40

## काम की खबर



रतलाम रेंज डीआईजी मनोज कुमार सिंह 4 अप्रैल को मंगलवार नीमच पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचे। जहां पर आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस के अधिकारियों से चर्चा की। जिले के जावद नगर में भी पहुँच कर जानकारी हासिल की गई।

## आजादी के अमृत महोत्सव शौर्य सप्ताह में सीआरपीएफ के बैंड का हुआ प्रदर्शन




**नीमच।** आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सीआरपीएफ बेंड के द्वारा राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत की धुन पर देश के योद्धाओं को याद किया गया। सीआरपीएफ की सेकेंड बटालियन ने गुजरात के रणकच्छ में पाकिस्तानी को हराया था। शौर्य सप्ताह को लेकर आज स्थानीय भारतमाता चौराहे पर सीआरपीएफ के बेंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन सुनाई गई। ओर जनता को राष्ट्रभक्ति के प्रति जागरूक किया गया। हर साल की तरह शौर्य दिवस के रूप में आज 4 अप्रैल को बेंड प्रदर्शन किया गया। 6 अप्रैल को सरदार गेट पर प्रदर्शन होगा। 9 अप्रैल को शहीदों व वीर जवानों को श्रद्धांजलि व उनके चित्र माल्यार्पण किया जाएगा। और वीरो को याद किया जाएगा। इस दौरान सीआरपीएफ के डीआईजी एस.एल.सी खुप, उप कमांडेंट देवेंद्र सिंह नेगी एवं अधिकारीगण, जवान मौजूद रहे।

## कपिल शुला प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

**नीमच।** राष्ट्रीय हिंद एकता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद सिंह एवं राष्ट्रीय महासचिव विपिन सिंह की सहमति से मध्यप्रदेश राज्य का प्रदेश अध्यक्ष कपिल शुक्ला को नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय हिंद एकता दल के राष्ट्रीय महाचचिव ने बैठक कर अहमदाबाद मे कपिल शुक्ला को मध्य प्रदेश राज्य मे पार्टी के विस्तार की जिम्मेदारी देते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान कर शुभ कामनाए दी।

## मुेयमंत्री लाडली बहना योजना से महिलाओं का सेमान बढेगा- परिहार




**नीमच।** जिले में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के ऑनलाईन फार्म भरने के लिए महिलाओं में काफी उत्साह नजर आ रहा है। जिले के गांवो और वार्डो में विशेष शिविर आयोजित कर महिलाओं के फार्म ऑनलाईन भरवाये जा रहे है। इसी क्रम में नीमच विधायक दलीपसिह परिहार ने नीमच जनपद के ग्राम तालखेडा में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर अपने हाथों से महिलाओं के ऑनलाईन फार्म भरवाये।

विधायक परिहार ने इस मौके पर उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुए कहा, कि 10 जून से महिलाओं के खाते में सरकार व्दारा एक-एक हजार रूपये जमा करवाये जायेंगे। इस योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी और उन्हें अपने घर, परिवार की जरूरतों को पूरा करने में काफी मदद मिलेगी। इससे महिलाओं का घर, परिवार एवं समाज में मान, सम्मान बढेगा।

## नीमच नगर पालिका में बड़ा हादसा, कक्ष में लगी आग

### सुबह होते ही मचा हड़कंप, लैपटॉप सहित शासकीय उपकरण जलकर खाक



**नीमच।** शहर के नगर पालिका कार्यालय में एक हादसा हुआ है। यहां मौजूद एक कक्ष में आगजनी की घटना हो गई, जिसके शासकीय उपकरणों को काफी नुकसान भी हुआ। गनीमत यह रही कि, दरवाजा बंद होने के चलते आगजनी की इस घटना ने बड़ा रूप नही लिया।

यह पूरी घटना सोमवार मंगलववार की मध्य रात्रि की नगर पालिका कार्यालय स्थित सामान्य प्रशासन विभाग कक्ष की है। नपाकर्मी महेश रामानी ने जानकारी देते हुए बताया कि, आगजनी की इस घटना में कक्ष के रखे दो लैपटॉप और कंप्यूटर की एक एलीडी जलकर खाक हो गई, इसके अलावा आवश्यक दतावेज और फाइलों सहित किसी भी उपकरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। नपाकर्मी के अनुसार कक्ष में मौजूद पंखे में देर रात शॉर्ट सर्किट होने की बात सामने आई है। जिसके कारण यह हादसा हुआ। घटना के बाद नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच शुरू करेगी।

## जीरन पुलिस को मिली सफलता, फरार आरोपी को किया गिरेतार



**जीरन।** पुलिस अधीक्षक जिला नीमच अमित तोलानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश एवं नपुअ फूलसिंह परस्ते के निर्देशन तथा जीरन थाना प्रभारी निरीक्षक कन्हैया लाल दांगी के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा फरार आरोपी मदनलाल पिता मगनीराम भील निवासी पावटी का साथी राकेश भील अपने दोस्त मदनलाल व अपरहता को अपनी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स एमपी 44 जेड एच 3733 से छोटी सादड़ी प्रतापगढ़ रोड कालिका होटल पर छोड़ने गया था जो अपराध में आरोपी होने से गिरफ्तार कर उसके कब्जे वाली मोटरसाइकिल को जप्त कर आरोपी को जेल भेजने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई।

## नगरपालिका की अवैध गुमटी हटाओ मुहीम

### गुमटी संचालको ने कहा कई पार्षदों तक की अवैध गुमटिया है पुरे शहर में उन्हें भी हटाओ

**नीमच।** नीमच। नगरपालिका परिषद् नीमच ने सोमवार 3 अप्रैल को अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करते हुए प्रायवेट बस स्टेण्ड, नीमच से 12 अवैध गुमटियों को हटाया। नगरपालिका परिषद्, नीमच के राजस्व अधिकारी टेकचन्द बुनकर ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि शहर के प्रायवेट बस स्टेण्ड पर अवैध रूप से गुमटियां रखी जाने की शिकायत पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी गरिमा पाटीदार के निर्देश पर सोमवार 3 अप्रैल को नगरपालिका का अमला मय जेसीबी व ट्रेक्टर आदि संसाधनों के साथ प्रायवेट बस स्टेण्ड पर पहुँचा और वहां अवैध रूप से रखी गई 12 गुमटियों को जेसीबी व अन्य संसाधनों की मदद से हटवाया।

राजस्व अधिकारी बुनकर ने अवैध गुमटीधारियों से कहा है कि वह बगैर नगरपालिका की अनुमति के शासकीय स्थान पर कहीं भी गुमटी नहीं लगावें। अवैध गुमटी पाये जाने पर गुमटी जप्त करने सहित नियमानुसार अन्य कार्यवाही की जावेगी।

उक्त मामले में गुमटी संचालको ने कहा कई पार्षदों तक की अवैध गुमटिया है पुरे शहर में उन्हें भी हटाओ। बस स्टेण्ड पर सभी गुमटियां बिना परमिशन व अवैध रूप से रखी गई है यही नही पार्षदों की गुमटियां भी यहां रखी हुई है जो किराए पर चल रही है। उस ओर नपा का कोई ध्यान नही है नपा केवल गरीबो को परेशान करती है हमारी गुमटियां यहां विगत 30 सालों से लगी है जिसकी रसीदे भी हमारे पास है नपा को निष्पक्ष कार्यवाही करते हुए सभी की गुमटियां हटानी चाहिए।



अवैध गुमटियों को हटाते हुए नपा की जेसीबी

## रामपुरा क्षेत्र की सनसनीखेज खबर: अज्ञात बदमाशों ने रास्ता रोककर की लूटपाट एवं मारपीट

**रामपुरा( तारीका राठौर )।** रामपुरा तहसील मुख्यालय के समीप जनोद कुंडलिया मार्ग के बीच में कुकड़ेश्वर निवासी यशवंत पिता तुलसीराम सुनील पिता कन्हैयालाल ओमप्रकाश पिता जमुना लाल एवं श्यामलाल अपनी बोलेरो गाड़ी से खेत पर जा रहे थे तभी रास्ते में उनकी गाड़ी की क्लच प्लेट टूट गई। जिसे ट्रैक्टर द्वारा टोचन कर वापस अपने गृह नगर कुकड़ेश्वर की तरफ जा रहे थे, तभी रास्ते में कुछ अज्ञात बदमाश हमलावरों ने रास्ता रोककर उपरोक्त लोगों के साथ लूटपाट करते हुए मारपीट की एवं उन्हें घायल कर दिया एवं उनके पास से नकदी एवं सोने की चेन लेकर फरार हो गए। हमले में श्यामलाल को मारपीट के चलते हाथ में फ्रैक्चर एवं जसवंत ओमप्रकाश एवं सुनील यशवंत भी चोटिल हो गए।

घायल यशवंत पिता तुलसीराम खाती पटेल निवासी कुकड़ेश्वर ने बताया कि हमलावरों में पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल थी जो लूटपाट कर फरार हो गए।




पुलिस को जैसे ही लूटपाट की खबर लगी तुरंत घायलों को रामपुरा पुलिस थाना लाया गया जहां पुलिस ने अपराध दर्ज कर घायलों का मेडिकल करवाकर मामले को विवेचना में लिया है रामपुरा क्षेत्र में इस प्रकार खुलेआम राहगीरों के साथ लूट की यह पहली घटना है।

## नीमच के नए कलेटर दिनेश जैन होंगे, नीमच कलेटर मयंक अग्रवाल का दमोह तबादला



**नीमच।** मध्यप्रदेश में छोटे हो या बड़े अधिकारियों का ट्रांसफर होना कोई बड़ी बात नहीं है। पर ट्रांसफर होना भी जायज है क्योंकि ट्रांसफर होने से कानून व्यवस्था मजबूत होगी और प्रदेश तरक्की की ओर बढ़ेगा इसी कड़ी में हमारे नीमच जिले के पहले एसपी का ट्रांसफर हुआ जहां एसपी की जगह अमित तोलानी को पदभार दिया गया और अब नीमच कलेक्टर मयंक अग्रवाल का तबादला कर दमोह भेज दिया गया है और अब नीमच जिले के कलेक्टर के पद पर दिनेश जैन का पदभार होगा। मध्य प्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आज 19 अधिकारियों के स्थानांतरण की सूची जारी की गई है जिसके तहत नीमच जिला कलेक्टर मयंक अग्रवाल का भी स्थानांतरण हुआ है मयंक अग्रवाल का स्थानांतरण नीमच से दमोह हुआ है जबकि शाजापुर में पदस्थ 2011 बैच के अधिकारी दिनेश जी जैन अब कलेक्टर के रूप में स्थानांतरित होकर नीमच आएंगे। दिनेश जैन पूर्व में नीमच में एसडीएम के पद पर अपनी सेवा दे चुके थे।

## शार्ट सर्किट से किसान के खेत में लगी आग, 3 बीघा गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह हुई नष्ट



**जाट।** जाट क्षेत्र अंतर्गत आने वाले खातीखेडा के केलडिया गावं में एक किसान के खेत पर गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई है , मिली जानकारी के अनुसार गावं में अचानक बिजली के तार टूटने से किसान के खेत पर पडी गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। वही बताया जा रहा है की सोमवार लगभग दोपहर लगभग 2 बजे बिजली का तार टूटने से शार्ट सर्किट हुआ और तार टूट जाने की वजह से गेहूं की फसल में आग लग गई, कुछ दिन पहले किसान सम्पतलाल पिता ऊंकार लाल गुर्जर के खेत में काटकर रखे लगभग 3 बीघा से भी अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, जलकर राख हुई गेहूं की फसल 90 हजार बताई जा रही है। सुचना मिलते की विद्युत विभाग और ग्रामीणों की सुचना पर रतनगढ़ से फायर ब्रिगेड भी पहुंची, लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम के आने से पहले ही ग्रामीणों की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया था।

## रामपुरा में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकली रथयात्रा



**रामपुर्रा।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का आज 2622 वा जन्म कल्याणक महोत्सव जैन समाज द्वारा मनाया गया। सर्वप्रथम मंदिर में भगवान जी की पूजा अर्चना प्रक्षाल आरती के पश्चात रथ यात्रा प्रारंभ हुई। जो सिंघाड़ा गली रामपुरा स्थित श्री शांतिनाथ जैन मंदिर से भव्य रथ यात्रा भगवान महावीर स्वामी के जय करो एवं ढोल ढमाकों के साथ निकली इस यात्रा में चांदी के रथ में श्री पार्श्वनाथ भगवान एवं भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा विराजमान की गई। रथ यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए बड़ा बाजार स्थित जैन ओसवाल भवन पहुंची। जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। तथा धर्म आराधना का लाभ लिया।

## देर रात तक बाबा खाटू श्याम की भव्य भजन संध्या में जमकर झूमे भक्त।

**धामनिया/नीमच।** श्री श्याम मित्र मंडल धामनिया के तत्वावधान में बाबा खाटू श्याम की भव्य भजन संध्या का आयोजन रविवार देर रात तक चलता रहा ।जहां पर बाबा का अलौकिक दरबार श्री श्याम परिवार नाहरगड़ द्वारा सजाया गया और वही श्री सांवलिया सेठ का दरबार श्री श्याम मित्र मंडल धामनिया द्वारा सजाया गया । इस भजन संध्या में देर रात तक श्रद्धालु बाबा के भजनों पर झूमते रहे ओर साथ इत्र वर्षा भी इस भव्य भजन संध्या में की गई। तथा जगह जगह से ओर दूर दराज से आये लोगो भी इस भजन संध्या का आनन्द लेते हुए झूमते दिखाई दिए। बाबा का सजा दरबार भक्तो का मन मोह रहा था और सभी ने बाबा श्याम और श्री सांवलिया सेठ के दर्शन किये जहां बाबा पर मोर छड़ी बड़ी रास आ रही थी। बाबा की इस भजन संध्या में सावन नागदा इंदौर ने भजन आ गया में दुनियादारी छोड़ कर...., पकड़ लो हाथ मेरे बनवारी...., वही भजन गायक भगवत सुथार कोशिवाड़ा द्वारा भजन लगन तुमसे लगा बैठे..... बाके बिहारी की देख छटा.... डोल नगाड़ा वाजा करे....,ओर कृष्णा राठौड़ जैसे कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी और भजनों पर भक्त देर रात तक नाचते हुए भक्तो ने इस भव्य भजन संध्या का आनन्द लिया। बाबा की इस भव्य भजन संध्या में कांग्रेस नेता तरुण बाहेती भी देखने पहुंचे जहां श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा स्वागत किया गया।

## बिना नोटिस के हटाया कब्जा

### पीड़ित पहुँचा जनसुनवाई में कलेटर के नाम दिया आवेदन लगाई न्याय की गुहार

**नीमच।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई में ग्राम गुर्जर खेड़ी ग्राम पंचायत खुर्द तहसील जावद के ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर के नाम एक आवेदन दिया गया। जगदीश चंद्र भील पिता भेरुलाल भील द्वारा ज्ञापन सौप बताया कि मैं गुर्जर खेड़ी ग्राम पंचायत खोर का निवासी हूं और जन्म से ही यही निवास कर रहा हूं और अपना कच्चा आवास बनाकर रह रहा हूं किंतु विगत दिनों तहसीलदार जावद पटवारी ग्राम पंचायत खोर गुर्जर खेड़ी विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद राठौर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जेसीबी से मेरे आवास को अतिक्रमण बताकर तोड़ दिया गया जिसकी मुझे पूर्व में किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं दी गई और ना ही कोई नोटिस भेजा गया इस कार्रवाई में सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का भी ध्यान नहीं रखा गया जिसमें कि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा अगस्त 2019 में एक निर्णय दिया गया जिसमें कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इस संबंध में एक बेहद अहम फैसला दिया है सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कब्जा धारी उस जमीन या संपत्ति का अधिकार लेने का दावा कर सकता है जो 12 वर्ष या उससे अधिक समय से बिना किसी व्यवधान के उसके कब्जे में है इतना ही नहीं सिर्फ अदालत ने यह भी कहा है कि अगर ऐसे व्यक्ति को इस जमीन से बेदखल किया जा रहा है तो वह कानून की सहायता भी ले सकता है जिसके बाद भी जावद तहसीलदार व पटवारी ने बलपूर्वक मेरी जमीन से कब्जा हटा दिया। उक्त आवेदन देकर यह मांग करता हूं कि इस कार्यवाही को निरस्त करवाया जाकर पुनः मेरा आवास बनवाने में सहयोग करें।

## पड़दा में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की ग्राम सभा में पहुंचे- विधायक मारू



**नंामच।** प्रदेश के साथ ही नीमच जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत रविवार को ग्राम पंचायतों में सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने वीडियों कांफ्रेस के माध्यम से वर्चुअल को संबोधित किया।

विधायक अनिरूद्ध (माधव) मारू ने ग्राम पंचायत पड़दा एवं नीमच विधायक दिलीपसिह परिहार ने ग्राम पंचायत कनावटी पहुंच कर, उपस्थित बहनों व अधिकारी-कर्मचारियो के साथ लाइव संवाद सुना। विधायक मारू एवं परिहार ने स्वयं लाड़ली बहना के ईकेवायसी , आवेदन फार्म भरे। उन्होने पंचायत में अभी तक कितने आवेदन हो चुके हैं। कितनी माता, बहनों की ईकेवाईसी पूर्ण हो गई है, इसकी जानकारी ली। साथ ही पंचायत सचिव और उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा, निर्देश दिए। विधायक परिहार एवं मारू ने कहा कि लाड़ली बहना योजना मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें कोई पात्र बहन वंचित नहीं रहे। इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

विधायक मारू ने पडदा में उपस्थित महिलाओ के आवेदन फार्म भरे और उसे लाडली बहना योजना पोर्टल पर ऑनलाइन भरवाया। इस अवसर पर कनावटी के सरपंच सोनू सेन, जनपद नीमच के सीईओ राजेन्द्र पालनपुरे, कैलाश पुरोहित और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्यामलाल वसीटा उपस्थित थे।

## प्रचार रथ कर रहा है गांव-गांव में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का प्रचार प्रसार

**नीमच।** नीमच जिले में प्रचार रथ व्दारा गांव-गांव का भ्रमण कर मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रदेश सरकार की तीन वर्ष की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जनसंपर्क संचालनालय भोपाल व्दारा तैयार किए गये इस प्रचार रथ ने सोमवार को नीमच जनपद के ग्राम भादवामाता, लसुडीतंवर, छायनएवं बोरदियाकला तथा मनासा जनपद के गांव बर्डियाजागीर,



पिपलियारावजीएवं उचेड का भ्रमण कर एलईडी के माध्यम से शासन की योजनाओं और उपलब्धियों का प्रचार प्रसार किया। इस मौके पर स्थानीय सरंपच एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## सीएम ने किया लाडली बहना योजना का वर्चुअल संवाद

**नीमच ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की समस्त ग्राम सभाओं को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के संबंध में संबोधित किया।

इस अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर स्थित एनआईसी कक्ष से कलेक्टर मयंक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ गुरुप्रसाद सहित संबंधित अधिकारीगण वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए।

## एसपी अमित तोलानी ने यातायात को सुधारने की दिशा में बढ़ाए कदम



**नीमच।** नीमच जिले में जिला पुलिस अधीक्षक के पद पर नव स्थानांतरित जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी नीमच में पदभार ग्रहण करने के साथ ही नीमच शहर की यातायात व्यवस्था मार्गो का गहनता से स्वयं निरीक्षण किया तथा मंगलवार को सुबह शहर के प्रमुख मार्गों से निकली रथ यात्रा की यातायात व्यवस्था पर स्वयं निगरानी कर रहे थे। व्यवस्था को जांचने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी सुबह 10.30 बजे घंटाघर के समीप नगर क्षेत्र में स्वयं रथयात्रा के मध्य पहुंचे और व्यवस्थाओं को गहनता से जांचा इसके बाद वे स्वयं वहां से निकल गए लेकिन जुलूस में शामिल जैन समाज जनों ने बताया कि रथ यात्रा जिन जिन चौराहों से निकली उन उन मार्गों की ट्रैफिक व्यवस्था को परिवर्तित कर दिया गया था। जिससे इस बार जुलूस निकालने में सरलता का अनुभव किया गया। पुलिस द्वारा प्रत्येक गली चौराहे के मार्ग पर प्रवेश मार्ग अवरोधक बोर्ड लगाकर रास्ते को रोक दिया गया जिससे दुर्घटना नहीं हो। यातायात व्यवस्था में सुधार के कदम को सभी जैन समाज जनों ने सम्मान योग्य कदम बताया। यात्रा के साथ पुलिस के जवान सक्रियता के साथ सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्थाओं पर निगाहें रखे हुए थे। पुलिस के चार चार पहिया वाहन रथयात्रा के आगे आगे चल रहे थे। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद दिखाई दी। लगभग 50 से अधिक पुलिसकर्मियों द्वारा जुलूस की सुरक्षा में अपनी सेवाएं प्रदान की गई।

## जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद ने की जनसुनवाई

**नीमच।** कलेक्टर कार्यालय नीमच में मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद ने जनसुनवाई करते हुए-68 लोगों की समस?याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में पिपलिया जागीर की आपुबाई मीणा ने पति द्वारा मारपीट करने, रामपुरा के आनन्दी लाल ने पुत्री के उपचार के लिए आर्थिक सहायता दिलाने, बर्डिया की प्रेमबाई ने भूमि का कब्जा दिलाने, अम्बेडकर कालोनी नीमच की कौशल्याबाई ने भरण पोषण दिलाने, टीआईटी कालोनी नीमच के सुरेशकुमार ने आर्थिक सहायता दिलाने,चचौर के भवानीशंकर मालवीय ने शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने, हुडको कालोनी नीमच की रूकसाना खॉन ने सहायता दिलाने, गांधी नगर नीमच के हरिवल्लभ विश्नोई ने पूर्व में दिये गये आवेदन पर कार्यवाही करने एवं नीमच के आलोक मालु ने सीआरपीएफ चौराहे को अतिक्रमण से मुक्त करवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।

इसी तरह रामनगर की दुर्गाबाई, रावण रूंडी की श्यामाबाई, अठाना जावद के अकबर खां, ग्वालटोली की सीताबाई, गिरदौडा की सरोज, सावन के हरीशंकर, सुवाखेडा के नरेन्द्र यादव, सावन के विनोद नागदा, जीरन की शीलादेवी, खेडाबांगरेड के दलसिंह बंजारा, धाकडखेडी की सददूबाई भील, केलूखेडा के हरिशंकर पाटीदार, जाट की नर्मदाबाई धाकड, लासूर की शांतिबाई भील, भागेश्वर मंदिर के पास नीमच की शाईनबी, नीमच सिटी के सलीम नयागॉव की मुरीबाई नाथ, भगवानपुरा के धर्मेन्द्र, गरीब मोहल्ला नीमच के भारत कुछबंदिया, लोहार बस्ती के नारायण, ग्वालटोली के रामा गाडीलोहार, एवं ग्राम चल्दू के विष्णु, शेरू, राजू, आदि ने उपस्थित होकर जनसुनवाई में अपनी समस्याएं सुनाई।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

## कड़वे नीम के मीठे गुण

## नीम के 7-8 पत्ते रोज चबाएं, खून साफ होगा

# 1 चमचे से ज्यादा नीम रस न पिएं, होगा अल्सर; बच्चों-गर्भवती महिलाओं को न दें

**कई बार लोग नीम की पोंयियां पीसकर ग्लास भर कर पीते है। ऐसा करने से पेट में अल्सर बन सकता है। नीम का ज्यूस दवा की तरह इस्तेमाल करना चाहिए।**



**नीम यानी औषधि का खजाना। संस्कृत में इसे 'अरिष्ट' कहा गया है जिसका मतलब है सभी बीमारियों को दूर करने वाला। नीम का कोई भी हिस्सा हो जड़, तना, पोंयियां, बीज या इनसे निकला तेल, सभी का इस्तेमाल सेहत के लिए किया जाता है। भले नीम खाने में कड़वा हो लेकिन इसके गुण बड़े मीठे होते हैं।**

मौसम में बदलाव का हमारे शरीर पर काफी असर पड़ता है। साथ ही हमारी डाइट और लाइफस्टाइल बेहतर न होने के कारण शरीर में कई तरह के टॉक्सिन बनते हैं। आयुर्वेद में बताया गया है कि खून को साफ करके इन टॉक्सिन को बाहर निकाला जा सकता है। इससे इम्यूनिटी बढ़ती है और शरीर बीमारियों से लड़ने में सक्षम हो पाता है।

आयुर्वेद में नीम को खून साफ करने वाली हर्ब माना गया है। नीम में नेचुरल एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं। इसमें मौजूद औषधीय गुणों के कारण इसे ब्लड प्यूरीफायर कहा जाता है। इससे लिवर और किडनी पर भी अच्छा असर पड़ता है। ये शरीर से वेस्ट और टॉक्सिन को बाहर निकालने में मदद करते हैं। नीम की पत्तियां चबाने या किसी रूप में इसका इस्तेमाल करने से ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर होता है। इसे सही मात्रा में लेने पर ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल किया जा सकता है।

नीम का रस हर दिन 10-15 द्रव्य लेना चाहिए। लेकिन तीन सप्ताह से अधिक नहीं लिया जा सकता। कई बार लोग लंबे समय तक नीम का रस पीते हैं। डोज का भी ध्यान नहीं रखते। 10-15 एमएल की जगह ग्लास में भरकर नीम का जूस पीते हैं। ऐसा करने पर पेट में अल्सर बनने का खतरा होता है। आंतों में ब्लीडिंग हो सकती है, घाव हो सकता है। मुंह में छाले पड़ सकते हैं। पेट में मरोड़, लूज मोशन इसके पहले लक्षण हो सकते हैं।

**नीम की कुछ पोंयियों को पानी में 15 मिनट तक उबालें। पानी को ठंडा करने कर इससे अपनी आंखों को धोएं। इससे आंखें साफ होती हैं। इनमें जमी गंदगी बाहर निकलती है। आंखों की रोशनी बेहतर होती है। आयुर्वेद के डॉटर की सलाह पर नीम का जूस भी 2 से 3 बूंद आंखों में डाला जा सकता है।**

### बच्चों और प्रेग्नेंट महिलाओं को न दें नीम

डॉ. दीक्षा भावसार बताती हैं कि बच्चों और प्रेग्नेंट महिलाओं को नीम का अर्क, रस नहीं देना चाहिए। उन्हें नीम की पत्तियां भी नहीं चबानी चाहिए। नीम में एस्पिरिन जैसे कंपाउंड होते हैं जो बच्चों के लिए सेफ नहीं होता। नीम के रस की थोड़ी डोज भी नवजातों के लिए जानलेवा होती है। उनमें डायरिया और तेज-तेज सांस चलने जैसे लक्षण हो सकते हैं। बड़े बच्चों में नींद नहीं आना, उल्टी, चक्कर आना जैसे लक्षण दिख सकते हैं। नीम कॉन्ट्रासेप्टिव की तरह काम करता है। पुरुष हो या महिला अगर बेबी प्लान करना चाहते हैं तो नीम का इस्तेमाल न करें। प्रेग्नेंसी के दौरान नीम का अर्क लेने या इसके तेल का इस्तेमाल करने से मिसकैरिज तक हो सकता है।

### हर दिन नीम की कितनी पोंयियां चबाएं

आयुर्वेद में कहा गया है कि जो हर्ब कटु यानी कड़वी हैं उनकी कम डोज ही लेनी चाहिए। नीम को तिक्त यानी कड़वा बताया गया है। कई बार लोग अनजाने में नीम की पत्तियां, तेल, रस ज्यादा मात्रा में लेते हैं। लेकिन इससे शरीर को नुकसान होता है। प्रो. भुवल के अनुसार, हर दिन 7-8 पत्तियां चबाई जा सकती हैं। इसे दो सप्ताह से ज्यादा नहीं लेना चाहिए।गर्म पानी में नीम की पत्तियां डालकर नहाएं आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. दीक्षा भावसार बताती हैं कि नीम का पाउडर और नीम की पत्तियों को गर्म पानी में डालकर नहाना चाहिए। नीम मिले पानी को ठंडा करके इससे बाल धोया जा सकता है। इससे डैंड्रफ खत्म हो जाता है। ध्यान रहे गर्म पानी से बाल नहीं धोएं।

### दांतों और मसूड़ों के लिए सबसे बेहतर मेडिसिन

जब टूथब्रश और टूथपेस्ट का जमाना नहीं था, तब लोग नीम की दातून से दांतों की सफाई करते थे। आज दातून का इस्तेमाल कम हो गया है लेकिन अब कई तरह के टूथपेस्ट और माउथवॉश नीम बेस्ड होते हैं। इनके इस्तेमाल के भी फायदे होते हैं। हालांकि नीम के तने से दातून करने पर दांतों की सफाई के साथ मसूड़ों को भी मजबूती मिलती है। नीम में एंटी बैक्टीरियल और एंटी फंगल गुण होते हैं। हर दिन नीम से दातून करने पर दांतों पर प्लॉक नहीं जमता और मुंह में बदबू फैलाने वाले बैक्टीरिया भी खत्म होते हैं।

### नीम पाउडर में शहद मिलाकर स्किन पर लगाएं

नीम हमारी स्किन के लिए भी अच्छा है। नीम के पाउडर में शहद मिलाकर स्किन पर लगाएं तो स्किन में चमक आती है। दूसरे हर्ब और पानी के साथ भी इसका लेप तैयार कर सकते हैं। शरीर में फोड़े, फुंसी या घाव को ठीक करने में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। नीम के पाउडर को चंदन, गुलाब, हल्दी, मंजिष्ठा, मुलैठी के साथ मिलाकर फेस पैक तैयार कर सकते हैं। इस नेचुरल फेसपैक से मुंहासे खत्म किए जा सकते हैं। प्रो. भुवल बताते हैं कि नीम में 130 तरह के कंपाउंड होते हैं इससे कई बीमारियों को ठीक किया जा सकता है। दुनिया में सबसे अधिक शोध इसी हर्ब पर किया जा रहा है।आंखों की रोशनी बढ़ाता है नीम

## गुणों से भरपूर है कच्चा प्याज, डाइट में शामिल करने से होंगे ये फायदे



**`प्याज खाने के लिए हमेशा से सलाह दी जाती रही है। सल्फर युक्त इस खाद्य पदार्थ में कई गुण हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसे कच्चा खाने से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते है? प्याज को पकाने से उनका स्वाद और बनावट बढ़ सकता है। लेकिन इसका भरपूर तत्व तो कच्चा खाने से ही मिलता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं।**

### कच्चे प्याज खाने के स्वास्थ्य लाभ

कच्चे प्याज में ऑर्गनोसल्फर नामक एक यौगिक होता है, जो पेट और पेट के कैंसर सहित कई अन्य प्रकार के कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। ऑर्गनोसल्फर यौगिक कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोक सकता है। कच्चा प्याज कैल्शियम का अच्छा स्रोत है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाए रखने के लिए जरूरी है। कैल्शियम ऑस्टियोपोरोसिस के जोखिम को कम करने में भी मदद करता है, ऑस्टियोपोरोसिस एक ऐसी स्थिति है, जिससे हड्डी का नुकसान होता है और फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है। कच्चे प्याज में एलिल प्रोपाइल डाइसल्फ़ाइड नामक यौगिक होता है, जो टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों में रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद करता है। एलिल प्रोपाइल डाइसल्फ़ाइड इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाने का काम करता है, जिससे रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिए शरीर को अधिक प्रभावी ढंग से इंसुलिन का उपयोग करने में मदद मिलती है। कच्चे प्याज में फ्लेवोनोइड्स और फेनोलिक सहित कई एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जो फ्री रैडिकल्स से होने वाले टिशू डैमेज से बचाने में मदद कर सकते हैं। एंटीऑक्सिडेंट कैंसर और हृदय रोग सहित पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने में भी मदद कर सकते हैं।

### हृदय रोग के जोखिम को कम करता है

कच्चे प्याज में क्वेरसेटिन नामक यौगिक होता है, जो रक्तचाप को कम करने, सूजन को कम करने और समग्र हृदय स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करता है। क्वेरसेटिन धमनियों में ब्लड क्लॉट और प्लाक के निर्माण के जोखिम को कम करने में भी मदद करता है, जिससे हृदय रोग की संभावना कम हो सकती है।

### पाचन में फायदेमंद

कच्चे प्याज में फाइबर अधिक होता है, जो स्वस्थ पाचन तंत्र को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। फाइबर आंत्र नियमितता को बढ़ावा देने में मदद करता है और कब्ज, डायवर्टीकुलिटिस और अन्य पाचन विकारों के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है।

### इयून सिस्टम को बूस्ट करता है

कच्चे प्याज में विटामिन सी होता है, जो स्वस्थ प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए आवश्यक है। विटामिन सी सफेद रक्त कोशिकाओं के उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद करता है, जो संक्रमण और बीमारियों से लड़ते हैं। कच्चा प्याज खाने से सर्दी, फ्लू और अन्य सांस की बीमारियों के जोखिम को कम करने में भी मदद मिल सकती है।

**लोग गर्मी से राहत पाने के लिए डाइट में तरह-तरह की चीज़ें शामिल करते हैं। इस मौसम में फिट रहने के लिए खानपान का विशेष`याल रखना चाहिए। गर्मी में डिहाइड्रेशन, खाना सही से न पचने जैसी तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपनी डाइट में उन चीज़ों को शामिल करें, जिससे आप इस मौसम में होने वाली परेशानियों को मात दे सकें। आज आपको कुछ खास हरे रंग के जूस के बारे में बताएंगे, जिन्हें पीने से आप ऊर्जावान महसूस करेंगे।**

## सेहत का खजाना हैं ये 5 तरह के ग्रीन ज्यूस, कई बीमारियां रहेंगी कोसों दूर



### 1 एलोवेरा का जूस

एलोवेरा जूस में औषधीय गुण पाए जाते हैं। इसके सेवन से आप कई बड़ी बीमारियों से बच सकते हैं। यह विटामिन-ए, विटामिन-सी, सोडियम, आयरन, कैल्शियम जैसे तत्वों से भरपूर होता है। यह शरीर की कई परेशानियों को दूर करने के साथ स्किन के लिए भी गुणकारी माना जाता है। गर्मी में इसे पीने से आप दिनभर ताजगी महसूस कर सकते हैं।

### 2 गन्ने का जूस

गर्मियों का सुपर एनर्जी ड्रिंक माना जाता है गन्ने का जूस। यह आपको रिफ्रेश करने के साथ कई रोगों से बचाने में मदद करता है। इसमें फाइबर, कैल्शियम, पोटैशियम और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह ग्रीन जूस आपको डिहाइड्रेशन से बचाती है, इसके अलावा यह पाचन तंत्र को बेहतर करने में भी मददगार है।

### 3 लौकी का जूस

लौकी सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसका जूस भी उतना ही फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन-सी, फॉस्फोरस, आयरन जैसे तत्व मौजूद होते हैं। आप अपनी डेली डाइट में लौकी का जूस शामिल कर सकते हैं। इसे पीने से आपको कई परेशानियों से राहत मिल सकती हैं।

### 4 करेले का जूस

करेले का टेस्ट जितना कड़वा होता है, यह सेहत के लिए उतना ही फायदेमंद माना जाता है। करेले का जूस डायबिटीज के मरीजों के लिए रामबाण है। इसे पीने से कोलेस्ट्रॉल लेवल कम करने में भी मदद मिलती है।

### 5 पालक का जूस

गर्मी के मौसम में हरी पत्तेदार सब्जियां खाने की सलाह दी जाती है। ऐसे में आप अपनी डाइट में पालक का जूस भी शामिल कर सकते हैं। यह शरीर को हाइड्रेट करने के साथ खून की कमी को भी दूर करता है।

**नोट: लेख में उल्लिखित सलाह और सुझाव सिर्फ सामान्य सूचना के उद्देश्य के लिए हैं और इन्हें पेशेवर चिकित्सा सलाह के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। कोई भी सवाल या परेशानी हो तो हमेशा अपने डॉक्टर से सलाह लें।**

## डायबिटीज पेशेंट के लिए बहुत फायदेमंद होता है नारियल का सेवन

कोकोनट यानी नारियल कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। नारियल का हर एक रूप फिर चाहे वह सूखा हो, ताजा या फिर इसका पानी और मलाई, हर एक चीज़ हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होती है खासतौर से शुगर के मरीजों के लिए। इसमें फाइबर मौजूद होता है, जो डायबिटीज मरीजों के लिए बहुत ही जरूरी न्यूट्रिएंट होता है। पाचन दुरुस्त रखने के साथ ही ये वजन भी कंट्रोल में रखता है। लेकिन ध्यान दें मीठे नारियल प्रोडक्ट्स, जैसे कि बेकिंग में इस्तेमाल होने वाले लच्छे (फ्लैकस), डायबिटीज़ के मरीजों लोगों के लिए बिल्कुल भी हेल्दी ऑप्शन नहीं इसलिए इनके सेवन से बचना चाहिए।



### नारियल फाइबर का बेहतरीन स्त्रोत

**नारियल फाइबर का एक बेहतरीन स्रोत होता है। ताजे नारियल के एक छोटे से टुकड़े में 4 ग्राम डाइटरी फाइबर होता है, जो आपकी डेली डाइट का 16 प्रतिशत होता है। तो यह कहा जा सकता है कि जो नारियल आपको दिन के सिर्फ 2 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट के बदले इतना फाइबर देता है, वह निश्चित रूप से डायबिटीज़ रोगियों के लिए एक हेल्दी ऑप्शन है।**

### ध्यान देने वाली कुछ बातें

हमारे खाने में शामिल सभी चीजों की तरह, जब नारियल की भी बात आती है तो हमें कुछ बातों का ध्यान ज़रूर रखना चाहिए।

– नारियल में फैट ज्यादा होता है, खास तौर पर "सैचुरेटेड फैट" (संतृप्त वसा) इसलिए अगर आप अपने बढ़े हुए वजन से जूझ रहे हैं, तो सीमित मात्रा में ही इसे खाएं। साथ ही नारियल धीरे- धीरे पचता है जिससे यह आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस करने में मदद कर सकता है। इसका मतलब है कि अगर आप हल्का नाश्ता लेते हैं, तो यह आप को वजन घटाने और अपनी शुगर मैनेज करने दोनों में मदद करता है।

– कम मात्रा में खाया जाने वाला ताजा नारियल डायबिटीज़ रोगियों के लिए एक अच्छा विकल्प है। अगर आपके पास ताजा नारियल नहीं है, तो लगभग 28-30 ग्राम सूखा नारियल भी ताजा नारियल के 2 इंच के बराबर है। तो इसे भी खा सकते हैं।

– ध्यान रखें, सुपरमार्केट के बेकिंग सेक्शन से नारियल के मिलने वाले किसी भी प्रोडक्ट को आप लेने से बचें, क्योंकि इसमें एडेड शुगर होती है जो कि आपके लिए हेल्दी नहीं होता है। नोट:- यह चिकित्सक की सलाह है, इसे चिकित्सक की सलाह से ही लें।

### स्मार्ट निगरानी

डायबिटीज़ वाले और बिना डायबिटीज़ वाले लोगों के लिए प्रति दिन 25 से 38 ग्राम फाइबर की सलाह दी जाती है। लेकिन हर बार फाइबर का सटीक और बिलकुल सही सेवन करना या खुद को और अपने पसंदीदा खाने से दूर रखना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। इसलिए, ऐसे में स्मार्टफोन ग्लूकोमीटर का उपयोग करके अपने ब्लड शुगर लेवल की नियमित जांच करने की सलाह दी जाती है। यह आपके ब्लड शुगर लेवल पर आपके खाने और जीवनशैली के प्रभाव को समझने में आपकी मदद करेगा। इसके अलावा, यह सलाह दी जाती है कि अपने डायबिटीज़ डाइट चार्ट में खाने की कोई भी नई चीज़ शामिल करने से पहले अपने हेल्थ कोच से सलाह ज़रूर ले, जिससे आपको उसके सेवन से स्वाद और फायदा दोनों मिले, न कि नुकसान ।



# BOX ऑफिस पर अजय देवगन की भोला तेजी बनाने में कामयाब, 50 करोड़ के पार हुआ Collection

**भोला के वीकेंड कलेशन की बात करें तो शुक्रवार को फिल्म ने 7.40 करोड़ की कमाई की। इसके बाद शनिवार का 12.20 करोड़ और रविवार को भोला ने 13.48 करोड़ का कलेशन किया। वहीं, मंडे टेस्ट में डगमगाते हुए भोला ने 4.50 करोड़ का बिजनेस किया।**

## भोला ने मंगलवार को कमाए इतने करोड़

**मंगलवार को भोला ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी रेतार बनाए रखी। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, 4 अप्रैल को भोला ने देशभर में लगभग 4.50 करोड़ का नेट कलेशन किया। इसके साथ ही फिल्म का अब तक का टोटल कलेशन 53.28 करोड़ हो गया है।**

**भोला को सिनेमाघरों में तेलुगु फिल्म दसरा से कड़ी ट कर मिल रही है। साउथ सुपरस्टार नानी के लीड रोल वाली दसरा, भोला के साथ रिलीज हुई है, लेकिन फिल्म ने पांच दिनों में ही 60 करोड़ से ज्यादा का कलेशन कर लिया, जबकि दसरा का वर्ल्डवाइड कलेशन 85 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुका है। वहीं, अजय की भोला को दर्शकों को थिएटर्स तक लाने में अभी मेहनत करनी पड़ रही है।**



**अजय देवगन** की भोला को आखिरकार खुशी मनाने का मौका मिल गया। 30 मार्च को रिलीज हुई भोला ने बॉक्स ऑफिस पर अपने पैर जमाने शुरू कर दिए है। मंगलवार को फिल्म का कलेक्शन 50 करोड़ के पार पहुंच गया।अजय देवगन, दीपक डोबरियाल और तब्बू स्टारर भोला एक एक्शन एडवेंचर फिल्म है। दृश्यम 2 के बाद दर्शकों को अजय की भोला से काफी उम्मीद थी। फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। हालांकि, रिलीज के बाद भोला को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली।

रामनवमी पर रिलीज हुई भोला ने बॉक्स ऑफिस पर 11.20 करोड़ के साथ ओपनिंग की थी। इसके बाद फिल्म के कलेक्शन में गिरावट भी देखने को मिली, लेकिन भोला ने मामला संभालते हुए बिजनेस बचाने की पूरी कोशिश की। अब रिलीज के 6 दिनों के भीतर फिल्म ने 50 करोड़ का कलेक्शन कर बॉक्स ऑफिस पर अपने पैर जमाना शुरु कर दिया है।

# जियो और जीने दो के जयकारे गूंजे, महावीर जन्म कल्याणक रथ यात्रा में उमड़े समाज जन

**आज महावीर जयंती है सारे संसार में मनती है। त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो, महावीर की बजे कुंडलपुर में बधाई के महावीर जन्में आदि भजनों की स्वर लहरियां बिखर रही थी।**



**नीमच।** अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्म उत्सव सकल जैन समाज नीमच के तत्वावधान में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का शुभारंभ 4 अप्रैल मंगलवार को सुबह 6 बजे प्रभात फेरी से हुआ। प्रभात फेरी पुस्तक बाजार स्थित श्री भीड़ भंजन पार्श्वनाथ मंदिर से निकली। इसके साथ ही महावीर जन्म कल्याणक की भव्य रथयात्रा सुबह 8.30 बजे भीड़ भंजन पारसनाथ नाथ मंदिर जी से साध्वी मुक्ति प्रिया श्री जी महाराज साहब ,साध्वी मृदु प्रिया श्री जी महाराज साहब के सानिध्य में प्रारंभ हुई जो कमल चौक,टैगोर मार्ग फवारा चौक नया बाजार घंटाघर पुस्तक बाजार होकर राठौर परिसर पहुंचकर पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हुई।

शोभायात्रा में सबसे आगे युवक स्वर्णिम , जिनशासन की धर्म ध्वजा लिए चलाय मान थे। घोड़ों पर बच्चे सवार थे। दो युवक पैदल स्वर्ण छतरी लिए चल रहे थे। कार्यक्रम में सभी महिलाएं केसरिया लाल गुलाबी साड़ीयों में पंक्ति बध होकर चल रही थी। तो कई महिलाओं ने 14 सपने, अमृतकलश शिरोधार्य किये चलाय मान थी। तो कई महिलाएं जिन शासन की ध्वजा लहराती चल रही थी। कई महिलाएं पगड़ी शिरोधार्य किये शामिल हुई।

बैंड पर महावीर स्वामी के जीवन चरित्र पर आधारित आज महावीर जयंती है सारे संसार में मनती है। त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की बजे कुंडलपुर में बधाई के महावीर जन्में आदि भजनों की स्वर लहरियां बिखर रही थी। चांदी तथा स्वर्ण निर्मित वेदी बैवाण में महावीर स्वामी की प्रतिमा को फूलों से श्रृंगारित किया गया था। मार्ग में स्थान स्थान पर महिला श्रद्धालु भक्तों द्वारा अक्षत स्वास्तिक गहुली बना कर साध्वी जी से आशीर्वाद ग्रहण किया गया। कई श्रद्धालुओं द्वारा भगवान महावीर स्वामी की पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने श्रीफल व मार्ग में स्थान स्थान पर अनेक तोरण द्वार सजाकर समाज जनों द्वारा रथ यात्रा की अगवानी कर भगवान महावीर स्वामी प्रतिमा के दर्शन कर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद भी ग्रहण किया गया। मार्ग में जैन सोशल ग्रुप संस्कार जैन सोशल ग्रुप नीमच, जैन सोशल ग्रुप नीमच, संस्कार,ग्रेटर, रेडीमेड एसोसिएशन, अखिल विश्व णमोकार प्रेम मंडल, जायसवाल समाज, अग्रवाल समाज, पोरवाल समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा एवं स्वल्पाहार आदि का वितरण किया। राठौर परिसर में आयोजित धर्म सभा में साध्वी मुक्ति प्रिया श्री जी महाराज साहब साध्वी मधुप्रिया श्री जी महाराज साहब,श्रमण संघ के संत कौशल मुनि ,अक्षत मुनि महाराज साहब आदि का सानिध्य मिला।

# हमेशा राजनेता की तरह पीएम मोदी ने किया व्यवहार, कभी नहीं की बदले की राजनीतिः गुलाम नबी आजाद

**गुलाम नबी आजाद ने पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने उदार बताया है। उन्होंने कहा कि मैंने पीएम मोदी को किसी मुद्दे पर नहीं बेशा लेकिन उन्होंने कभी मुझसे बदला नहीं लिया। हमेशा राजनेता के जैसा व्यवहार किया। वहीं जी-23 के भाजपा का करीबी कहने पर वे भड़क गए।**



**पूर्व राज्यसभा सांसद और डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने पीएम मोदी को उदार बताया है। वहीं, कांग्रेस के जी-23 नेताओं के भाजपा के करीबी होने के आरोप का उन्होंने खंडन कर दिया।आजाद ने कहा, "उनके कुछ बिल मैने पूरी तरह फेल कर दिए, लेकिन मुझे उन्हें श्रेय देना चाहिए कि उन्होंने एक राजनेता की तरह व्यवहार किया, उसका बदला नहीं लिया।**

### जी-23 पर या बोले आजाद

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने इस आरोप पर कि वह और जी-23 के नेता भाजपा के करीबी हैं, कहा कि ऐसा कहने वाले मूर्ख है। अगर जी 23 भाजपा का प्रवक्ता था तो उसे कांग्रेस ने सांसद क्यों बनाया? उन्हें सांसद, महासचिव और पदाधिकारी क्यों बनाया है? मैं अकेला हूं जिसने पार्टी बनाई है। बाकी लोग अभी वहीं हैं। यह दुर्भावनापूर्ण, अपरिपक्क और बचकाना आरोप है।

### पिछले साल कांग्रेस से आजाद ने दिया इस्तीफा

बता दें, गुलाम नबी आजाद ने 26 अगस्त 2022 को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सोनिया गांधी को पांच पन्नों का इस्तीफा भेजा था। अपने पत्र में उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा की जगह कांग्रेस जोड़ो यात्रा निकालनी चाहिए।

# मार्च में सुस्त हुई भारत के सर्विस क्षेत्र की चाल, नए रोजगार के अवसर में भी आई कमी

बिजनेस



**नई दिल्ली।** एस एंड पी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज की परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) जारी हो गया है, जिसमें बीते महीने विस्तार की धीमी दर देखने को मिली। मार्च में भारत के सर्विस सेक्टर की विकास दर 57.8 फीसद हो गई, जो फरवरी में 59.4 फीसद के साथ अपने उच्चतम स्तर पर थी। यह कमी सितंबर 2020 के बाद से इनपुट लागत मुद्रास्फीति के सबसे निचले स्तर पर आ गई।

एस एंड पी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस के अर्थशास्त्र एसोसिएट निदेशक, पॉलियाना डे लीमा ने कहा, "भारत का सर्विस सेक्टर 2022-23 वित्तीय तिमाही के अंत में नए व्यापार सेवा और उत्पादन में और वृद्धि के साथ बना हुआ है। हालांकि, विनिर्माण ने विकास के मुख्य चालक के रूप में फिर से वापसी की है।"

## 20वें महीने रहा 50 के ऊपर आंकड़ा

**मार्च में वृद्धि में कमी आने के बावजूद यह लगातार 20वां महीना था, जब सर्विस सेटर का 50 की सीमा से ऊपर था। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स के अनुसार 50 से ऊपर के प्रिंट का मतलब विस्तार होता है, जबकि 50 से नीचे का स्कोर संकुचन को दर्शाता है। दूसरी तरफ, मार्च में निजी क्षेत्र की बिक्री लगातार 12वें महीने बढ़ी। सर्वेक्षण में कहा गया है कि फरवरी से नरमी के बावजूद विस्तार की समग्र गति तेज थी।**

### नए रोजगार के कम अवसर

**सर्वेक्षण में कहा गया है कि लगातार 10वें महीने बढ़ने के बावजूद सेवा रोजगार मार्च में केवल आंशिक रूप से बढ़ा है और करीब 98 प्रतिशत सर्विस कंपनियों ने कर्मचारियों के स्तर के बीच पेरोल सैंया में कोई बदलाव नहीं किया है। साथ ही, समग्र स्तर आठ महीने के निचले स्तर तक गिर गया है, योंकि कई फर्मों को वर्तमान स्तर से गतिविधि में कोई बदलाव नहीं होने की उमीद है। माल उत्पादकों और सेवा प्रदाताओं में निरंतर वृद्धि के बीच मार्च में निजी क्षेत्र की बिक्री लगातार 12वें महीने बढ़ी है।**

# किडनी बेचने को तैयार थे पिता

## पढ़ाई के लिए पिता ने बेच दिया खेत, बेटे ने आईपीएस अफसर बनकर नाम किया रोशन

**बेटे को पढ़ाने के लिए इंद्रजीत के पिता प्रेम कुमार ने खेत बेच दिया। खेत के साथ-साथ वे महथा की पढ़ाई के लिए अपनी किडनी बेचने तक को तैयार हो गए थे। पिता के इस त्याग और लगन को देखकर इंद्रजीत ने भी अपनी मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ी**




अगर इरादा मजबूत हो तो फिर कैसे भी मुश्किल आए ज्यादा देर तक ठहर नहीं सकती है। इसी बात को सच साबित कर दिखाया है झारखंड के रहने वाले इंद्रजीत महथा ने। महथा के घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। उनके पास फीस जमा करने और किताबें खरीदने तक के लिए पैसे नहीं थे। हालांकि, इन हालातों में न तो इंद्रजीत ने हार मानी और न ही उनके पिता ने। बेटे को पढ़ाने के लिए इंद्रजीत के पिता प्रेम कुमार ने खेत बेच दिया। खेत के साथ-साथ वे महथा की पढ़ाई के लिए अपनी किडनी बेचने तक को तैयार हो गए थे। पिता के इस त्याग और लगन को देखकर इंद्रजीत ने भी अपनी मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ी और अंत में उन्होंने अंसभव को संभव कर दिखाया। महथा ने देश की सबसे मुश्किल परीक्षा यूपीएससी एग्जाम को क्रैक किया और आईपीएस बनकर पिता का नाम रोशन किया। इंद्रजीत महथा झारखंड के बोकारो जिले के एक छोटे से गांव से ताल्लुक रखते हैं। यहीं से उन्होंने अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी की थी। वे, जब स्कूल में थे, तभी एक बार टीचर ने उनसे पूछा कि जिले का सबसे बड़ा अधिकारी कौन होता है, तो उन्हें डीएम के बारे में पता चला। तभी से उन्होंने तय कर लिया था कि बड़े होकर डीएम बनना है।

### किडनी बेचने को तैयार थे पिता

महथा के पिता जीविका चलाने के लिए एकमात्र साधन खेत ही थे। लेकिन उन्होंने बेटे की पढ़ाई अधूरी न रहे। इसके लिए खेत बेच दिया था। वहीं, इंद्रजीत भी अपने बचपन के सपने को साकार करने के लिए दिल्ली आ गए थे। यहां आकर उन्होंने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी। हालांकि पहले प्रयास में वे असफल हो गए थे। फेल होने के बाद उनका परिवार निराश हो गया था लेकिन उनके पिता ने हार नहीं मानी। वे कहने लगे कि, बेटे की पढ़ाई के लिए अभी तो खेत बेचा है अगर जरूरत पड़ी तो किडनी भी बेच दूंगा।

### रद्दी किताबों से की पढ़ाई

**इंद्रजीत ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनके पैसे की इतनी कमी थी कि वे रद्दी में मिलने वाली किताबों से पढ़ते थे। दरअसल, जो स्टूडेंट्स पढ़ने के बाद अपनी बुक् को रद्दी में बेच दिया करते थे, वे उन्हें रद्दी के भाव में खरीदकर फिर उनसे पढ़ा करते थे। इस तरह जैसे-तैसे उन्होंने यूजी की पढ़ाई पूरी की।**

### फिर पूरा हुआ सपना

**इंद्रजीत ने साल 2008 में फिर प्रयास किया। इस बार वे पूरी तैयारी के साथ और पिछली कमियों पर काम करने के बाद मैदान में उतरे थे। इसका नतीजा यह हुआ कि उनकी मेहनत रंग लाई और उन्होंने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा पास कर ली थी। उन्होंने 100वीं रैंक मिली थी। इसके बाद वे आईपीएस अफसर बन गए थे।**

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

## खबर जरा हट के

## समग्र नेशनल आइकॉन अवार्ड का आयोजन




**चितौड़गढ़/जयपुर।** समग्र विकास संस्थान द्वारा दिनांक 1 अप्रैल 2023 शनिवार को सांय काल जवाहर कला केंद्र जयपुर में समग्र नेशनल आइकॉन अवार्ड 2023 का आयोजन किया गया। संस्थान गत 20 वर्षों से सामाजिक सरोकार के विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय है। संस्थान की अध्यक्ष दया शर्मा एवं कार्यक्रम के संयोजक सुरेश सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम में अन्य गतिविधियों के अलावा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान व उत्तम स्थान प्राप्त करने वाली 25 विभूतियों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय व प्रांतीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित व सम्मानित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण चतुर्वेदी पूर्व कैबिनेट मंत्री राजस्थान थे। कार्यक्रम में ओमवीर भार्गव, डॉ. किरण चौधरी जयपुर, सुरेंद्र अवाना जयपुर, तिरुपति कॉलेज जयपुर, प्यारे लाल जांगिड़ सीकर, राजेंद्र शास्त्री सीकर, आर. जे. विजय जोधपुर, पण्डित पवन शर्मा जयपुर, रामाज जयपुर, अरविंद सिंह जयपुर, रिंकू वशिष्ठ जयपुर, डॉ. नेचर जयपुर, सन्तोष सैनी जयपुर, सुरेन्द्र कुमार मिश्रा सीकर, ओम शर्मा सीकर, राइट यूनी जयपुर, बी. एल. मील सीकर, रेखाराम वर्मा सीकर, मुकेश सैनी सीकर, डॉ. राम शरण रूंडला गोविंदगढ़, निर्मला सोनी जयपुर, दर्शन लाल चौधरी जयपुर, अमित कुमार चेचानी चितौड़गढ़, श्यामलाल शर्मा चितौड़गढ़, पंडित राकेश शास्त्री चितौड़गढ़, भारती वैष्णव, रश्मि त्रिवेदी, कन्हैया लाल शर्मा, गौरव राज को समानित किया गया।

## जावद तहसील स्तरीय प्रस्फुटन समिति की मासिक बैठक संपन्न



**जावद।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गठित प्रस्फुटन समितियों की विकासखंड स्तरीय जावद की मासिक बैठक ग्राम रूपपुरा स्थित रंकावली माता मंदिर पर रखी गई जिसमें ब्लॉक समन्वयक महेंद्र पाल सिंह भाटी जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह ठाकुर एवं नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नवांकुर संस्था मां कुष्मांडा सामाजिक शिक्षण समिति नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अरनिया मामादेव ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सांस्कृतिक व्यास ग्राम तारापुर नवांकुर संस्था नीमच व्यास शिक्षण समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद बैठक प्रारंभ की गई। प्रस्फुटन समिति के मासिक कार्य की विवेचना की गई साथ ही समिति द्वारा विगत माह में किए गए कार्यों का ब्यौरा विकासखंड समन्वयक श्री भाटी जी एवं जिला समन्वयक श्री वीरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा प्राप्त किया गया तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की गतिविधि को एमआईएस पर अपलोड करवा कर समितियों को निर्देशित किया गया तथा बताया गया कि आपके द्वारा जो गतिविधि की जाती है उसकी जानकारी प्रतिदिन अपलोड करें देश की महत्वपूर्ण योजना लाडली बहना के बारे में श्री भाटी जी द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। हमारे ग्राम में कोई भी बहना बिना ईकेवाईसी के नहीं रहे उनका लाडली बहना योजना अंतर्गत सचिव के माध्यम से फार्म भरवाने में सहयोग करें साथ ही जल संरक्षण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। आपने बताया कि हमें जल का संरक्षण हमारे ग्राम में किस प्रकार करना है जिसमें सोख्ता गड्ढा कंटूर खेत का पानी हुए को रिचार्ज नदी गहरीकरण जैसे जल संरक्षण कार्यक्रम को किस प्रकार किया जाए यह बताया गया। साथ ही ब्लॉक समन्वयक महोदय द्वारा जन सूचना केंद्र खुलवाने की जानकारी ली गई कार्यक्रम का संचालन खुमान सिंह चंद्रावत द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन कार्यक्रम समन्वयक राजमल दास बैरागी द्वारा किया गया।

## छात्रावास की दाल में निकले कीड़े: सैंपल लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे छात्र, अधिकारियों ने बनाया पंचनामा

**नीमच।** शासकीय अनुसूचित जाति बालक महाविद्यालय के छात्रावास में निवासरत छात्रों को कीड़े युक्त भोजन प्रदान किया जा रहा है। जिसकी शिकायत लेकर मंगलवार को छात्र कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कीड़े युक्त दाल का सैंपल भी अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया है।

जिसके बाद मामले को अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए मौके पर जांच टीम भेजी गई, और पंचनामा भी बनाया गया। साथ ही छात्रावास अधीक्षक को गुणवत्ता युक्त भोजन प्रदान करने की हिदायत भी दी गई।

मामले में छात्र गुणवंत मेघवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि हम लोग शासकीय अनुसूचित जाति बालक महाविद्यालय के छात्र हैं और विगत 6 माह से हम छात्रावास की समस्याओं के साथ-साथ कीड़े युक्त भोजन की शिकायत करते आ रहे हैं। जब-जब भी शिकायत की जाती है। उस दौरान 8 से 10 दिन भोजन अच्छा मिलता है, परंतु बाद में वही हालात बिगड़ जाते हैं। जिसको लेकर हम लोग दाल का सैंपल लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे हैं, और जिला संयोजक के समक्ष अपनी शिकायत प्रस्तुत की है।

# पूज्य सिंधी पंचायत ने किया सेवा कार्य,अन्नपूर्णा सेवा न्यास में भोजन सामग्री की वितरित



**नीमच।** मानव सेवा व समाज सेवा के कार्यो में अग्रणी रहने वाली पूज्य सिंधी पंचायत महिला संगठन द्वारा निरंतर सेवा के कार्य किए जाते रहे हैं पूज्य सिंधी पंचायत संगठन द्वारा पूर्व में भी कई सामाजिक व मानव सेवा के कार्य किए गए हैं जिसमें स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण करना गरीब निर्धन असहाय लोगों की मदद करना, कन्याओं को जन्म देने वाली माताओं का सम्मान,पशु पक्षियों के लिए दाना पानी व पात्र का वितरण जैसे कार्य संस्था निरंतर करती आ रही है सेवा के ईसी कार्य को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को पूज्य सिंधी पंचायत महिला संगठन द्वारा अन्नपूर्णा सेवा न्यास में गरीब और निर्धन असहाय लोगों की भोजन व्यवस्था करते हुए करीब 2 माह का राशन अन्नपूर्णा सेवा न्यास के सदस्य राकेश जैन पप्पू को भेंट किया गया। पूज्य सिंधी पंचायत के सदस्य लक्ष्मी प्रेमाणी ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चे बूढ़े और असहाय व निर्धन लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा न्यास द्वारा सेवा का कार्य करते हुवे भोजन व्यवस्था की जाती है गरीबों ओर निर्धनों की सेवा के उद्देश्य से पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा सेवा के प्रकल्प को आगे बढ़ाते हुए आज यहां भोजन की सामग्री वितरण की गई है। अन्नपूर्णा सेवा न्यास के सदस्य राकेश जैन पप्पू ने बताया कि अन्नपूर्णा सेवा न्यास लगातार 3 सालों से सेवा समर्पण के भाव से जनता के हितों के लिए कार्य करता आ रहा है 6 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर सभी समाजों के सहयोग से अन्नपूर्णा सेवा न्यास पर खिचड़ी और प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है नीमच की परंपरा रही है सभी समाज मिलकर गरीब निर्धन व जनता की सेवा के कार्य करते हैं आज इसी कार्य में पूज्य सिंधी पंचायत का भी सहयोग प्राप्त हुआ है। आयोजन के दौरान पूज्य सिंधी पंचायत महिला संगठन अध्यक्ष पूजा केवलानी,मधु केवलानी, दीपा लालवानी, लक्ष्मी प्रेमानी,आकांक्षा तलरेजा, सपना लालवानी, तनीषा बदलानी, गोदावरी लालवानी, शोभना रोहिड़ा, जीतू तलरेजा सहित अन्नपूर्णा सेवा न्यास के सदस्य मौजूद रहे।

## बड़े बालाजी मंदिर से निकली विशाल ध्वजा यात्रा केशरिया ध्वजा लहराई



**नीमच।** श्री गोधाम बालाजी भक्त मण्डल,नीमच के तत्वाधान में सोमवार 3 अप्रैल ध्वजा यात्रा का आयोजन हुआ। ध्वजा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री गोधाम बालाजी मंदिर पहुंची और ध्वजा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ। हनुमान जयंती समारोह को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर आज स्थानीय नया बाजार स्थित बड़े बालाजी मंदिर से ध्वजा यात्रा पूरे विधि विधान से प्रारंभ हुई जो सेंट्रल स्कूल क्षेत्र के पास गोधाम बालाजी मंदिर पर पहुंच यात्रा का समापन होगा। सोमवार 3 अप्रैल दोपहर में 4 बजे बड़ा बालाजी मंदिर यात्रा प्रारंभ हुई जिसमें आगे आगे स्थानीय विधायक दिलीप सिंह परिहार पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पप्पू जैन सांसद प्रतिनिधि आदित्य मालू , वरिष्ट भाजपा नेता महेंद्र भटनागर, प्रहलाद राय दडोली वाले, शेलू गर्ग,महिला नेत्री किरण शर्मा वरिष्ठ महिला नेत्री हेमलता धाकड़, मीना जयसवाल आदि के अलावा श्री गोधाम बालाजी मंदिर से जुड़े सैकड़ों भक्तजन ध्वजा यात्रा में सम्मिलित हुए । यात्रा का जगह-जगह चौराहे चौराहे पर धूमधाम से स्वागत किया गया।

## ग्वालटोली बालाजी मंदिर पर तीन दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव

**नीमच।** महू- नसीराबाद हाईवे रोड पर ग्वालटोली मे स्थित दक्षिणमुखी,चमत्कारिक एवं प्राचीन श्री विराट विराय मारुति नंदन बालाजी मंदिर पर मंदिर समिति द्वारा भक्तगण के सहयोग से श्री हनुमान जन्मोत्सव तीन दिवसीय आयोजनों के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। जन्म उत्सव भव्य रूप से मनाने की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। ग्वालटोली बालाजी मंदिर पर इस बार श्री हनुमान जन्मोत्सव 4 से 6 अप्रैल तक मनाया जाएगा।

मंदिर समिति के संरक्षक किशन खलीफा, नंदलाल बानिये, लोकेश रियार, अध्यक्ष गोविंद सफा ने बताया कि आयोजन के प्रथम दिन मंगलवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ। संगीतमय सुंदरकांड पाठ व भजन कीर्तन सुप्रसिद्ध श्री वैष्णव सत्संग मंडल, कानका द्वारा किया। 5 अप्रैल को सायं 6.00 बजे से भव्य चल समारोह निकाला जाएगा, जिसमें ढोल- ढमाके, डीजे, ध्वजा, अखाड़ा, लेजम पार्टी के साथ श्री बालाजी महाराज आकर्षक घोड़ा बग्गी में विराजमान होकर नगर का भ्रमण करेंगे। चल समारोह ग्वालटोली क्षेत्र के विभिन्न गली मोहल्लों से होता हुआ देर रात्रि में मंदिर पर पहुंचकर संपन्न होगा। अगले दिन 6 अप्रैल को मंदिर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव विभिन्न आयोजनों के साथ मनेगा, जिसमें प्रात: 5.30 बजे से श्री राम धुन प्रभात फेरी निकाली जाएगी, उसके पश्चात 9.00 बजे से हवन, दोपहर 12.00 से शाम 4.00 बजे तक विशाल भंडारा, सायं 7.30 बजे से महा आरती होगी, उसके पश्चात 56 भोग लगाया जाएगा। भोग लगाने के बाद प्रसादी का वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी मंदिर श्रवण शर्मा (राज) ने दी।

# मनासा पुलिस को मिली सफलतामादक पदार्थ डोडाचुरा का फरार 5000रू का ईनामी आरोपी धराया




**मनासा।** मप्र शासन व पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देषानुसार चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के फरार आरोपीयो की गिर0 के अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नीमच अमीत तोलानी द्वारा अवैद्य मादक पदार्थ के फरार आरोपीयो की धरकपड हेतु सभी थाना प्रभारीयों को निर्देशित किया गया था इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच सुंदरसिंह कनेष व एसडीओपी मनासा सुश्री यषस्वी शिंदे के मार्गदर्षन में थाना प्रभारी मनासा आरसी दांगी के नेतृत्व में थाना मनासा टीम द्वारा 5000रू का ईनामी फरार आरोपी निर्मल पिता कन्हैयालाल धाकड निवासी चोकडी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है ।

ज्ञात हो कि दिनांक 05.12.2022 व 06.12.2022 की दरम्यानी रात्री में थाना मनासा चोकी कंजार्डा पुलिस ने मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए बख्तुनी घाट पर बिना नम्बर के फार्मट्रेक टेक्टर को रोका तो एक व्यक्ति ट्राली में भरे कटटो के उपर बेठा था जो पुलिस को देखकर कुदकर भाग गया तथा टेक्टर चलाने वाले व्यक्ति को पुलिस टिम द्वारा घेराबंदी कर पकडा तथा नाम पता पुछा तो टेक्टर चालक ने अपना नाम लवकुष पिता ओमप्रकाश मेघवाल उम्र 26 साल नि0 चोकडी का होना बताया तथा भागने वाले व्यक्ति का नाम लवकुश पिता अमृतलाल मेघवाल नि0 चोकडी का होना बताया जो आरोपी के कब्जे वाले टेक्टर ट्राली की तलाशी ली तो ट्राली मे भरे 30 कटटो में 585 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा होना पाया। जिसे एनडीपीएस एक्ट के आज्ञापक प्रावधानो का पालन करते हुए जप्त किया जाकर आरोपी लवकुश पिता ओमप्रकाश मेघवाल उम्र 26 साल नि0 चोकडी को गिरफ्तार किया गया।

थाना मनासा में अपराध क्र 599/2022 धारा 8/15,25,29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था तथा उक्त प्रकरण मे आरोपी निर्मल पिता कन्हैयालाल धाकड निवासी चोकडी का फरार था जिसकी गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 5000 रूपये के ईनाम की उदघोषणा की गई थी । जो फरार ईनामी आरोपी निर्मल पिता कन्हैयालाल धाकड उम्र 29 साल निवासी चोकडी को मुखबीर सुचना पर थाना मनासा पुलिस टीम द्वारा मनासा बस स्टेंड से गिरफ्तार किया गया व आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया जाकर पुलिस रिमाण्ड लिया गया है एवं आरोपी से पुछताछ जारी है। इस सराहनीय कार्य में निरी0 आर दांगी एवं टीम उनि रंजना डावर , उनि फतेह सिंह आंजना , प्र आर 111 विजय गुनेरा, प्र आर 331 राजकुमार यादव ,आर 502 देवेन्द्र गुर्जर , आर 518 दिपक सेन का महत्वपुर्ण योगदान रहा है।

# थाना नीमच कैंट ने मण्णपुरम गोल्ड में पैसा रखने की धोखाधडी करने वाले आरोपीयों धराऐ




**नीमच।** पुलिस अधीक्षक महोदय, जिला नीमच अमित तोलानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय, सुन्दरसिंह कनेश एवं नपुअ फुलसिंह परस्ते के निर्देशन तथा नीमच कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्रसिंह सिसोदिया के नेतृत्व टिम ने मण्णपुरम गोल्ड में पैसा रखने की बात को लेकर 02 लाख 95 हजार रूपये की धोखाधडी करने वाले आरोपीयों को पकड़ने में मिली बडी सफलता।

घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 28.03.2023 को आरोपी द्वारा फरियादी तरुण आईआईएफएल गोल्ड लोन बैंक में सीनीयर मेनेजर के पद पर हैं जिससे संपर्क किया गया कि उसे मण्णपुरम गोल्ड लोन बैंक में गोल्ड रख रखा है जिसमें ब्याज अधिक लग रहा हैं वहां से गोल्ड निकालकर आईआईएफएल गोल्ड लोन बैंक में रखना हैं। पहले वहां पर पैसे 02 लाख 95 हजार रूपये जमा करना है वह रूपये दे तो वह रूपये आपकी गोल्ड लोन बैंक में जमा कर दूँगा। जिस पर फरियादी ने उक्त दिनांक बैंक से गोल्ड ना लाकर फरियादी को धोखा देकर वहां से रूपये लेकर फरार हो गया और धोखाधडी की। जिस पर से फरियादी के द्वारा दिनांक-29.03.2023 को थाना नीमच कैंट पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

घटना के मुख्य आरोपी रमेश के खिलाफ राजस्थान के छोटीसादड़ी थाने में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज हैं, जहां से वह फरार चल रहा हैं।

**गिरफ्तार आरोपी** - 01 रमेश उर्फ कमलेश पिता शांतीलाल उम्र 30 साल निरोला थाना-रिंगनोद जिला रतलाम, 02 राजाराम पिता विश्राम सुर्यवंशी उम्र 30 साल निवासी मीणाखेडा थाना-औद्योगिक क्षेत्र जावरा जिला-रतलाम, **जप्तशुदा मशरुका**- नकदी 02 लाख रूपये घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल के आर जे 09 एसएफ 0944 व एक मोबाईल जप्त किया गया।

## सरवानिया महाराज में महावीर स्वामी जयंती पर निकली शोभायात्रा



**सरवानिया महाराज।** शहर में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव हर्ष और उल्लास के साथ सकल जैन समाज के बैनर तले मनाया गया। सदर बाजार स्थित श्री केसरिया नाथ जैन मंदिर से भगवान महावीर स्वामी की सजी-धजी झांकी में एक शोभायात्रा निकली जिसमें बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी उपस्थित रहे। शोभायात्रा जैन गली, नीमच सिंगोली रोड, हरियाभेरु चोक , रावले के पीछे, गोकुल दूध डेयरी होकर पुन: नीमच सिंगोली रोड होते हुए दरवाजा, सदर बाजार, चारभुजा नाथ गली, जैन स्थानक और जैन मंदिर पहुंची जहां पर भगवान की आरती के पश्चात शोभायात्रा का समापन हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं पुरुषों युवकों युवतियों ने भाग लेकर भगवान महावीर स्वामी कल्याणक महोत्सव मनाया।

इस दौरान दो घोडे पर जिन शासन निशान लेकर दो सवार और बेण्ड बाजें के साथ भगवान का रथ आगें आगें चल रहे थे। आयोजन के समय एसडीओपी रामतिलक मालवीय, पुलिस चोकी इंचार्ज आई.के तिवारी सहित पुलिस महकमे के अधिकारी कर्मचारियों ने पुरे मार्ग शोभायात्रा मे सहयोग किया। इस दौरान जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत कर शीतल पेय पदार्थ की व्यवस्था समाजसेवी लोगों द्वारा की गई।

# कल्याण महाकुंभ से जग रही राम नाम की अलख : शासकीय संत पुरोहित | ठाकुरजी की संध्या आरती

**राम नाम की महिमा बखान करते हुए कहा कि राम नाम हृदय बीच राखो, जब जागो तब लिया करो, राम नाम मिश्री से मिठों बरभर प्याला पिया करो।**



**निंबाहेड़ा।** शासकीय संत राकेश पुरोहित ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि मेवाड़ के प्रसिद्ध श्री शेषावतार कल्लाजी वेदपीठ के अष्टदश कल्याण महाकुंभ के माध्यम से न केवल कल्याण नगरी वरन दूर दूर तक राम नाम की अलख जगने लगी है।

पुरोहित सोमवार संध्या वेला में वेदपीठ परिसर में ठाकुरजी की संध्या आरती के पश्चात आयोजित संकीर्तन मय हरि नाम महिमा एवं प्रभु प्रेम सत्संग कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राम नाम की महिमा बखान करते हुए कहा कि राम नाम हृदय बीच राखो, जब जागो तब लिया करो, राम नाम मिश्री से मिठों बरभर प्याला पिया करो।

उन्होंने नगरवासियों एवं समस्त कल्याण भक्तों का आह्वान किया कि राम नाम की महिमा को अंगीकार करते हुए महाकुंभ के सवा ग्यारह करोड़ राम नाम जाप के अनुष्ठान को द्विगुणित करने में कोई कोर कसर नहीं रखे। इस दौरान उन्होंने लगभग 3 घण्टे तक कार्यक्रम में मौजूद कल्याण भक्तों, आचार्यों, बटुकों के साथ मन भावन रूप में राम नाम का संकीर्तन कराकर परिसर को राममयी बना दिया।

प्रारंभ में पुरोहित ने प्रभु श्री राम एवं ठाकुरजी की पूजा अर्चना की वहीं वेदपीठ की ओर से पदाधिकारियों द्वारा उनका तुलसी माला एवं उपहरणा से स्वागत किया गया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: 9407423966। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।